BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 24 अगस्त, 2023 | **थाना डिबाई**

02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 24.08.2023 को थाना डिबाई पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान एक अभिसूचना के आधार पर ग्राम करीरी चौराहे के पास से 02 शातिर वाहन चोरो को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर धर्मपुर स्टेशन के पास बने खंडहर के पास झाडियों से चोरी की 02 अन्य मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना डिबाई पर मुअसं- 349/23 धारा 413/414 भादवि पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- वेदप्रकाश पुत्र राजपाल सिंह निवासी नंगला छत्तु थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।
2- कृपाल पुत्र रमेशचन्द निवासी ग्राम करीरी थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस नं0– HR-51AB-9156
2- 01 मोटरसाइकिल पैशन प्रो0 नं0– RJ-08SL-2942
3- 01 मोटरसाइकिल पैशन प्रो0 नं0– UP-81AW-9547

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उनके द्वारा जनपद बुलन्दशहर व आस-पास के जनपदों से मोटरसाइकिलों को चोरी कर अज्ञात व्यक्तियों को सस्ते दामों पर बेच कर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता है।

अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस नं0– HR-51AB-9156 को दिनांक 19.08.2023 को थाना डिबाई क्षेत्र गांव उमरारा से चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना डिबाई पर मुअसं-340/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

अभियुक्त द्वारा बरामद मोटरसाइकिल पैशन प्रो0 नं0– RJ-08SL-2942 को दिल्ली से चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थैफ्ट क्राइम ब्रांच दिल्ली पर मुअसं-024610/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाइकिल पैशन प्रो0 नं0– UP-81AW-9547 को जनपद अलीगढ थाना सिविल लाइन क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मुअसं-601/18 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

अभियुक्त वेदप्रकाश व कृपाल का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 642/22 धारा 379/411 भादवि थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं- 136/23 धारा 379/411 भादवि थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं- 140/23 धारा 411/413/414 भादवि व 3/4/25 शस्त्र अधि0 थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।
4- मुअसं- 173/23 धारा 379/411 भादवि थाना अतरौली थाना अलीगढ़।
5- मुअसं-340/23 धारा 379 भादवि थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअसं- 349/23 धारा 413/414 भादवि थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।
7. मुअसं-024610/23 धारा 379 भादवि थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थैफ्ट क्राइम ब्रांच दिल्ली।
8. मुअसं-601/18 धारा 379 भादवि थाना सिविल लाइन जनपद अलीगढ।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. श्री छोटे सिंह थाना निरीक्षक थाना डिबाई।
2. उ0नि0 नईम अख्तर
3. का सूरज कुमार, का0 अभिषेक कुमार, का0 अवनीश कुमार, का0 अनुभव कुमार

मीडिया सैल बुलन्दशहर